Source: Lok Sabha Secretariat

their women candidates elected. No woman candidate from any unrecognized political party or Independent woman candidate won the elections. Women's participation in the Indian Council of Ministers has historically remained low, typically wavering around 10–15%, with a peak of 17.8% in 2015. While the 18th Lok Sabha (2024) included 7 women in the Union council (approx. 9.7%), women are often concentrated in junior minister roles (MoS) rather than senior Cabinet positions, reflecting a persistent gender gap in political decision-making.

However, since the early 1990's, the 73rd and 74th amendments, which necessitates 33 per cent reservation for women in rural and urban local bodies made it possible for lakhs of women to enter in the political decision making of the country. Since then, there has been a dramatic change in women's representation in local administration. Twenty states have made provision of 50% reservation for women in Panchayati Raj Institutions which is a welcome step. All these states except Punjab and Tripura have achieved this mandate. Further, in Manipur also, 50.7% of the elected representatives are women even though the state has no such legal provision. As on date, the three tier local bodies had more than 1 million women as elected representatives from various facets of social background and become part of the political decision-making process. Women's participation in decision-making is critical for achieving gender equality, as it directly leads to more inclusive, diverse, and effective policies. Including women in leadership—from households to governments—shifts priorities toward social welfare, strengthens democratic governance, reduces conflict, and fosters economic growth, benefiting society as a whole.

1. **Improved Quality of Decisions:** Women in leadership bring different perspectives, fostering creativity and innovation, which leads to better outcomes in corporate and public settings.
2. **Shifting Policy Priorities:** Women in power tend to prioritize education, health, childcare, and social issues, creating policies that reflect the needs of their communities.
3. **Driving Equality and Development:** Active participation in decision-making acts as a catalyst for empowering women, breaking down harmful gender norms, and ensuring women's voices are heard.
4. **Strengthening Democracy & Peace:** Involving women makes governance more legitimate and representative, and in peace negotiations, women's presence results in more durable agreements.
5. **Economic Impact:** Increased participation of women in decision-making roles is associated with better company performance and economic outcomes.

It is the responsibility of the society to ensure that women are given the opportunity to participate equally in all decision making levels and that the institutions have a variety of people and communities that they represent.

Participation of women in Judicial System: No one can deny the fact that more representation of women in the judicial system will tend the women community to seek justice and enforce their rights through the courts. Achieving equality, in terms of representation at all levels of the judiciary should be the goal, not only because it is right for women, but because it is to ensure a more just rule of law. Women judges also live their lives as women, with all the social and cultural norms and obligations of the society.



So, women judges are more likely to bring those lived experiences to their judicial actions, experiences that tend toward a more comprehensive and empathetic perspective-one that encompasses not only the legal basis for judicial action, but also awareness of consequences on the people affected.

As per diagram pertaining to the year 2022, in Supreme court of India, out of 29 judges sitting in the office, only 3 are women. In high courts also, only 13% of the judges are women. Such a small representation of women in Judicial decision-making process of the country forces us to think about the need to bring about institutional, social and behavioral change by sensitizing India's population on inclusion of women in every sector. This poor representation of women in judicial systems is a global phenomenon. Noting that a relatively small number of women have been judges including at senior judicial leadership positions at all level, 10th march was proclaimed as the International Day of Women Judges in 2021 by the UN. The UN Resolution was supported by India which is a positive step.

1. **Diverse Perspectives & Better Reasoning:** Women judges bring unique life experiences and viewpoints to the bench, which can lead to different interpretations of the law, particularly in cases involving gender-based issues.
2. **Enhanced Public Trust & Legitimacy:** A judiciary that reflects the gender composition of society increases public confidence in its impartiality.
3. **Gender-Sensitive Justice:** The presence of women ensures that the legal system is more responsive to the specific social contexts and needs of women, aiding in fair trials for victims of crime.
4. **Breaking Stereotypes & Bias:** Women in positions of power help dismantle deeply ingrained gender stereotypes and structural biases within legal institutions.
5. **Role Modeling & Equality:** Increased representation inspires the next generation of women, as highlighted by and, fostering an inclusive legal profession and advancing overall equality.

Participation of women in Management: When women become leaders, they provide a different set of skills and imaginative perspectives. More importantly, female leaders bring structural and cultural differences to the table, which drive effective solutions. This creative standpoint and unique sense of awareness will also allow them to study and uncover the finer details that may go missed by others. As we've established, the working landscape is changing, and the business world is no longer just a man's game. However, competing in this challenging environment is no walk in the park. In case of participation in Management, there are several barriers for women such as lack of education, awareness, criminal and violence, health problems and illnesses, lack of participation, discriminatory treatment, etc.

WOMEN IN ALL INDIA, GROUP 'A' SERVICES

The stream	Year	Female	Male	Total	Percentage
Indian Administrative Service:	2016	838	4,088	4926	Female 17 %
Indian Forest Service	2016	207	2,346	2,553	Female 4 %
Indian Statistical Service	2016	173	556	729	Female 24 %
Indian Police Service	2016	349	3,429	3,778	Female 9 %
Indian Foreign Service	2016	207	2,346	2,553	Female 8 %

Source: Deccan Cronical

As per data of Periodic Labour Force Survey, among the officials working at managerial positions in India, 18.8% were women in 2020 and 18.1% in 2021. In 2021, the highest percentage is seen in Mizoram (41.5%) followed by Sikkim (32.5%), Manipur (31.1%), Meghalaya (30.9%) and Andhra Pradesh (30.3%). The lowest representation of women at managerial position was seen in Dadra & Nagar Haveli and Daman & Diu (1.8%), Uttarakhand (3.4%), Jammu & Kashmir (4.6%), Andaman & Nicobar Islands (7.2%) and Bihar (7.3%).

Ministry of Statistics and Programme Implementation (MoSPI), Government of India, released its publication titled "**Women and Men in India 2023: Selected Indicators and Data**" says. The representation of women in corporate decision-making roles remains inadequate with only 34,879 women holding senior management positions in 2023 as compared to 1,86,946 men. A total of 7,62,712 women were part of the Board of Directors as against 19,75,487 men. Among the workers working as Legislators, Senior officials and Managers in India, 22.2 percent were females in 2022.Among the states, Mizoram, Manipur, Meghalaya and Andhra Pradesh are better off whereas Dadra & Nagar Haveli and Daman &Diu, Uttarakhand, Andaman & Nicobar Islands, Punjab and Nagaland are lagging behind with a wide margin.

Conclusion: Women's participation in decision-making is essential for democratic governance, better organizational performance, and sustainable development. Despite progress, women remain underrepresented in political and corporate leadership. Achieving gender parity in decision-making improves policy outcomes and fosters inclusive growth, requiring the removal of structural barriers and active promotion of women.

References:-

1. Cynthia Epstein, Deceptive Distinctions: Sex, Gender and the Social Order, New Haven, Yale University Press, 1988.
2. https://mospi.gov.in/sites/default/files/publication_ reports/womenmen22/ParticipationDecision Making22.pdf
3. https://www.undp.org/vietnam/publications/promoting-womens-participation-leadership-and-management-positions-viet-nams-political-system-and-public-administration-all
4. Marina Fanning, "Bridging the Gender Gap in Today's Organizations: Understanding the Cultural Differences of Gender", Management Systems International, Washington, D.C., 1995.
5. Ministry of Statistics and Program Implementations (MoSPI) 2023 "Women and Men in India: Selected Indicators and Data".
6. Ministry of Statistics and Program Implementations (MoSPI) 2024 "Women and Men in India: Selected Indicators and Data".
7. V. Spike Peterson and Anne Sisson Runyan, Global Gender Issues, Boulder, Colorado, Westview Press, 1993.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVIII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

नव विमर्शों के अंतर्विरोधी द्वंद्व और सामाजिक लोकतांत्रिकरण

डॉ. दत्तात्रय मुरुमकर*

* प्रोफेसर (हिंदी विभाग) मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई (महाराष्ट्र) भारत

प्रस्तावना – साहित्य के लोकतंत्रीकरण की भूमिका एवं राष्ट्र की उन्नति नए विमर्शों के आने के बाद और अधिक तीव्र होती हुई हमें दिखाई देती है। वास्तव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मूर्त रूप देता है। जिस समाज में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है उस समाज में साहित्यिक और सामाजिक लोकतंत्र भी प्रस्थापित होता नहीं है। इस मायने से अगर देखा जाए तो विमर्श नए समाज की स्थापना करने के लिए प्रयास करते हुए हमें दिखाई देते हैं। विमर्शों में संघर्ष की भूमिका और किसी भी प्रकार के भेदभाव से रहित समतामूलक समाज की स्थापना यह दो महत्वपूर्ण बिंदु मौजूद हैं। विमर्श उन सत्ता संबंधों की जांच पड़ताल करते हुए अपने आपको, अपने अस्तित्व को, अपने अस्मिता को बेहद शालीन ढंग से प्रस्तुत करते हैं।उन्हें खीझ इस बात पर होती है कि परिधि पर रहे हुए वर्गों, वर्णों को मानवीयता की दृष्टि से देखते नहीं। उन्हें समता और समानता में विश्वास नहीं है।जिन्हें सामाजिक विषमता के कारण ही हजारों वर्षों की परंपरा में विशेषाधिकार के द्वारा विलासी–भोगी या उपभोक्तावादी जीवन जीने की सुविधा, बिना श्रम जीवन जीने की सुविधा प्राप्त हुई और इस प्रकार की व्यवस्थाओं से टक्कर लेने का कार्य लगभग विमर्श करते हैं। इसमें विशेषता स्त्री–विमर्श, दलित–विमर्श और आदिवासी विमर्श की सैद्धांतिकी काफी मजबूत रही है परंतु जिस ढंग से स्त्री–विमर्श केवल पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करते हुए अपने आपको दैववादी–वर्ण–व्यवस्था से या उसके उत्पीड़न से दूर रखता है वही दलित विमर्श दैववादी–ब्राह्मणवादी, हिंदूवादी, हिंदुत्ववादी– वर्णवादी, विषमतामूलक इन सभी प्रकार की सत्ताओं से टकराता है। जिन्हें लंबे समय तक मनुष्य ही समझा नहीं गया और किसी भी प्रकार के मानवीय अधिकार उन्हें दिए नहीं गए ऐसा यह वर्ग, वर्ण–व्यवस्था और धर्म–व्यवस्था के कारण उत्पीड़न, शोषण, अपमानित, अत्याचारित जीवन जीता रहा। खास करके दलित स्त्री पर इसका काफी बुरा असर पड़ा। शायद इसलिए दलित विमर्श की भूमिका व्यापक पैमाने पर हमें रेखांकित करनी पड़ती है। या वह मूलत: व्यापक पैमाना लेकर ही विकसित हुई है। ठीक यही बात आदिवासी विमर्श के संबंध में भी हमें दिखाई देती है। वस्तुत: आदिवासी विमर्श मातृसत्तात्मक, उदार लोकभूमिका के लोकतांत्रिक स्वरूप पर सदैव से खड़ा है। हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में कहे तो अभिजन के लोक के अतिरिक्त सामाजिक लोक में मान्यताओं के प्रति आग्रह और दुराग्रह कतई दिखाई नहीं देते।रूढ़िवादी संकीर्ण मान्यताओं ने, परंपराओं ने लोक के भीतर जो अलोकतांत्रिक भूमिका विकसित की थी अभिजनों ने उन्हें अछूत मानकर, अशुद्ध मानकर, जंगली मानकर, परिधि पर रखा, उन्हें अपने समाज के साथ किसी भी प्रकार के संपर्क रखने के लिए मनाही की और इसी प्रक्रिया में अछूतपन उनके हिस्से में भी दलितों की तरह आया, लेकिन मूलतरू आदिवासी विमर्श मातृसत्तात्मक भूमिका के प्रति घनिष्ठ रूप से जुड़ा रहा। इसलिए वहाँ शोषण के दैववादी धर्मास्टिक प्रकार, उनके मूल में दिखाई नहीं देते और शायद यही कारण है कि आदिवासी विमर्श में या समाज में विवाह संबंधी किसी भी प्रकार के पवित्रता–अपवित्रता के संबंध में या रक्त संबंधी पवित्रता–अपवित्रता के संदर्भ में संकीर्णता हमें दिखाई नहीं देती।वहाँ बहुविवाह भी है, विधवा विवाह भी है।किंतु संस्थात्मक जकड़न कतई नहीं है। जिस प्रकार स्त्री विमर्श पितृसत्ता और विवाहसंस्था के जंजाल में फंसकर अपनी दुर्गति को अभिव्यक्त करता है, उस प्रकार की स्थितियां आदिवासी विमर्श में दिखाई नहीं देती किंतु दलित विमर्श में यह स्थितियां इस प्रकार स्पष्ट होती हुई हमें दिखाई देती हैं। इसलिए दलित स्त्री का जीवन 'दोहरा अभिशापय लेकर के 'शिकंजी के दर्द' कोलेकर जीती है। यह शिकंजा पुरुषसत्तात्मकतथा विषमतावादी व्यवस्था का रहा है उसे लेकर जीने के लिए विवश होती है।

विमर्शों का संबंध बहुत ही घनिष्ठता के साथ भारतीय ब्राह्मणवादी–हिंदूवादी व्यवस्था से गहरे रूप से जुड़ा हुआ है। इसी परिप्रेक्ष्य में अगर हम यह देखते हैं कि नारीवाद, दलित विमर्श आदिवासी विमर्श और अन्य विमर्श आपनी आस्मितागत आत्मपहचान वाली भूमिका को कैसे देखसकते हैं और अपने इतिहास को, समाज को नए मानवीय मूल्यों के साथ किस प्रकार खड़ा करने की कोशिश करते हैं इसे देखना और समझना आज के समय में बहुत ही चुनौती पूर्ण है। क्योंकि जिस प्रकार देश का माहौल है वह नितांत द्वेषपूर्ण, घृणायुक्त और कट्टरतामूलक बन चुका है। देश के बौद्धिक वर्ग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आघोषित रूप से हनन होता हुआ देख रहा है। और पिछले कुछ वर्षों से इसमें निरंतर इजाफा हुआ है। खैर, मुख्य विषय की तरफ आते समय मुझे बहुत ही शिद्दत से नारी विमर्श और दलित विमर्श के साथ–साथ अन्य विमर्शों की नई सामाजिक भूमिका को परखना और उनके चिंतन को सामने रखना जरूरी लग रहा है।

विमर्शों के आरंभिक समय में 'नारीवाद और कुछ नहीं बस एक पश्चिमी मुहावरा और कुछ महिलाओं की अपनी करियरपरस्ती है'(प्रभा खेतान। पितृसत्ता के नए रूप और भूमंडलीकरण, संपादक राजेंद्र यादव, प्रभात खेतान और अभय कुमार दुबे, राजकमल प्रकाशन, प्रथम संस्करण–2003,पृ।22)एक तरह से यह कहकर के नारीवाद को हमेशा खारिज कर दिया गया। ठीक इसी प्रकार दलित साहित्य जातिवाद को फैलाता है यह

कह कर उसे भी नकारा गया। कहा यह भी गया कि यह भारतीय संस्कृति-सभ्यता के साथ जुड़ा हुआ नहीं है। वस्तुत: भारतीय सभ्यता और संस्कृति का संबंध हमारे यहाँ ब्रम्हाणवाद-हिन्दुवाद या हिंदुत्ववाद से ही जोडकर देखा गया है। अन्य अभी अस्तित्वहीन माने गए हैं। यहीं से नव विमर्श निर्मित होते गए। 19 वीं सदी का नवजागरण इसके मूल में रहा और स्वतंत्रता पश्चात इस विमर्शों का उदय एवं विकास अपनी ऐतीहासिक परंपरा से पोषित हुआ।मूल प्रश्न हमारे सामने यह है कि क्या भारतीय सभ्यता संस्कृति वर्णवाद को, जातिवाद को, अस्पृश्यता को, विषमता को,यौनशोषण को, श्रम के शोषण को, या यहां के विषमतामूलक संपूर्ण समाज को आर्थिक, सामाजिक, मानसिक गुलामी में रखना ही भारतीय संस्कृति सभ्यता मानती है? मेरे ख्याल से इस पर हमें गौर से सोचना चाहिए।' साहित्य की दुनिया में समाज विज्ञान के जगत में कुछ कदम रखना आसान नहीं है। आत्मगत और वास्तुगत के समीकरण में जहाँ जोर वास्तुगत पर रहता है और प्राय: यहां साहित्यकार इस दायरे में आकर स्तब्ध रह जाते हैं। सिर्फ संवेदना और अनुभूति से यहां काम नहीं चलता।न ही मात्र भाषा का खेल बहुत दूर तक मदद कर पता है।'(वही, पृ. 22)'तमाम इतिहास और भूगोल की सीमाओं से परे कहीं हम स्त्रियों का दर्द एक ही है। यह हाशिए पर पड़े लोगों का दर्द है। यह उनकी सार्विकता है, उनकी समग्रता है। इतिहास में यह किस वर्ग और जाति का निर्णय रहा है कि परिवार में सब लोग खा चुके तभी औरत को थाली पर बैठने का हक है!...आखिर मुफ्त के श्रम की अपेक्षा स्त्री से ही क्यों?' (वही पृ.21)

यही बात दलित आंदोलन के संदर्भ में भी लागू होती है। सार्वजनिक स्थलों पर त्योहारों में, उत्सव, पर्व में दलित बाद में खाना खाते हैं। दलितों के श्रम का शोषण कैसे होता है इसको प्रेमचंद ने अपनी कई कहानियों में बयां किया हुआ है और हम उसे बहुत अच्छे ढंग से जानते भी हैं।'सद्गति' उसका उत्ताम उदाहरण है।

मृणाल पांडे यह कहती हैंकि,'प्राय: यहां नारीवादी आंदोलन को या तो संपन्न सवर्ण लेखिकाओं का पीड़ा-विलास या दलित और वर्णाश्रम विरोधी आंदोलन का ही एक नन्हा अनुपूरक साबित करने की हड़बड़ी में दिखाई देता है'(वही पृ.29)यहां से निकलकर वह आत्मसंघर्ष-चेतना की स्थिति में पहुँच गया है।जहाँ वह पुरुष को खलनायक और स्वयं को नायक बनाकर के ही प्रस्तुत नहीं करती बल्कि अपने ही अंतर्मन में बैठा 'स्वत्व' नायक के रूप में अपने ही शरीर को छेनी हथौड़ी से तरशाने लगती है। वह पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था के शोषकों को नहीं अपने ही मानोगर्भ में स्थापित व्यवस्था को तोड़ती है।जैसे गगन गिल कहती हैं-

'वह चिढ़ा रही है / मातृदेवी को
वह उकसा रही है / कुल देवों को
वह नरमुंड एक/ गेंद है दु:ख की
गेंद है अ-दु:ख की
अटकना चाहती है इसे वह
भूखे देवों के कंठ में।'

नारीवादी विमर्श के संदर्भ में स्त्री लेखिकाओं में दो प्रकार के दृष्टिकोण पाए जाते हैं एक जो स्त्री को दलित के रूप में देखा है और दूसरा गैर दलित के रूप में। अ-दलित के रूप में देखने वाली सवर्ण स्त्रियाँ स्त्री विमर्श को दलितपन की अवस्था से जोड़कर देखने की हिमायती इसलिए नहीं है क्योंकि छुआछूत संबंधी जो दृष्टिकोण दलितों के संबंध में संपूर्ण सवर्ण समाज के लिए है वह स्त्री के संबंध में उन्हें दिखाई नहीं देता। व्यवस्था के अधीन रहकर सवर्ण स्त्रियाँ स्त्री विमर्श को नया रूपकर देना चाहती है। इसकी अग्रणी लेखिका हम महादेवी वर्मा को मान सकतेहैं। महादेवी वर्मा का संपूर्ण चिंतन स्त्री को आर्थिक पराधीनता से बाहर निकालने के साथ जुड़ा हुआ हमें दिखाई देता है। और वह भी पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था के आर्थिक पहलुओं पर अधिक जोर देती हुई हमें दिखाई देती हैं। लेकिन ऐसा नहीं है इधर एक नया उपन्यास प्रकाशित हुआ है अमरीक सिंह दीप का 'तीर्थाटन के बाद' इस उपन्यास के संदर्भ में हमें यह दिखाई देता है कि दरअसल उपन्यास का मुख्य स्वर है विवाह-संस्था का पुरजोर विरोध करना इसलिए दीप ने उपन्यास के बहुत पहले रचनाकार एंगल्स को उधृत किया है- प्राचीन समय में प्रेम हमेशा औपचारिक समाज के बाहर मिलता था इसका दूसरा नाम था, व्यभिचार। जब तक विवाह-संस्था रहेगी तब तक प्रेम हमेशा वह व्यभिचार के रूप में ही पनपेगा।' (जुलाई 2.24, हंस, पृ. 69) इसका साफ मतलब यह है की प्रेम की परिणिति विवाहसंस्था में स्वतंत्रता की नहीं गुलामी की रही है। विवाहसंस्था को एक सूत्र सोच के रूप में देखती हैं।इजाडोरा डंकन'इजाडोरा डंकन की प्रेमकथा'वह कहती हैं-'मेरी प्यारी माँ मेरे साथ क्यों नहीं रहती थी, इसका कारण था उसका हठ कि मुझे विवाहित होना चाहिए लेकिन खुद उसने विवाह किया था, निभाना मुश्किल पाया और अपने पति से तलाक ले लिया था।फिर वह क्यों उसी जाल में फंसना चाहती थी? मैं अपने अस्तित्व की पूरी ताकत के साथ विवाह के खिलाफ थी। तब मेरा यही विश्वास था और आज भी मैं इसे फिजूल की और गुलाम बनाने वाली संस्था मानती हूँ। खासकर कलाकारों के लिए जिनके विवाह का अंत अमूमन अदालतों में और एक दूसरे पर कीचड़ उछालने वाले मुकदमों में होता है।'(हंस, जुलाई 2024 पृ67)(इजाडोरा डंकन की आत्मकथा बीसवीं सदी की भोर की महान नर्तकी और एक अत्यंत विवादास्पद और उन्मुक्त स्त्री -इजाडोरा डंकन-कीआत्मकथा'माय लाइफ'का हिंदी अनुवाद। एक ऐसी अनूठी स्त्री की शब्दयात्रा जिसने अपने समय से सौ साल आगे जीते हुए प्रेम व जीवन के अद्भुत प्रयोग किए। कला और प्रेम की एक अनूठी भावमय दुनिया। विश्व की श्रेष्ठतम आत्मकथाओं में एक, विश्व की सुंदरतम आत्मकथाओं में सर्वोपरि! है।) (विकिपीडिया) 'सार्त्र और सिमोन द बोउवार तो लिव इन रिलेशनशिप को सर्वोत्तम घोषित करते हैं।' (हंस, जुलाई 2024 पृ 67) हमारे यहाँ लिव इन की अमृता प्रीतम और इमरोज की कहानी सर्वश्रुत है। राधा-कृष्ण प्रेम की मुक्तता का प्रतीक सुर साहित्य एवं भारतीय साहित्य में बिखरा पड़ा है।

वस्तुत: नव विमर्शों का संबंध दैववादी-पितृसत्तात्मक-भोग-उपभोक्तावादी व्यवस्था से घनिष्ठता से जुड़ा हुआ है। जब तक वर्ण-व्यवस्था और विवाह-संस्था जीवित है तब तक यह दोनों, दलित और स्त्रियाँ लगातार इन दोनों व्यवस्थाओं की खिलाफत करती रहेगी क्योंकि इन दोनों का रूप शोषकों, उत्पीडकों, अनाचारियों, अत्याचारियों, बलात्कारियों के रूप में इन्हें दिखाई देता है, और यह वास्तव में है।जिसमें किसी प्रकार की स्वतंत्रता या इच्छित कामनाओं की पूर्ति हेतु प्रचंड धार्मिक रीति-रिवाज कर्मकांडों की नियतिहीनता के बीच दब्बू बनाकर इन्हें जीने के लिए विवश करती है।

यह व्यवस्थाएं इन दोनों का वस्तुकरण और उपभोक्ताकरण ही अधिक करती है।वर्ण व्यवस्था दलित आदिवासियों को सदियों से अपमानित उत्पीड़न करते हुए उनको मानसिक विकलांग या दिव्यांग बना रही है।

भारतीय संदर्भ में नव विमर्श ब्राह्मणवादी-हिंदूवादी विषमतामूलक

व्यवस्था से उपजा है। इसे कोई भी इनकार नहीं कर सकता।

नव विमर्श व्यवस्थागत परिवर्तन की माँग करते हैं। जिस सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक व्यवस्था से यह उपजे हैं, उसी के दायरे को तोड़ने का कार्य यह कर रहे हैं। स्त्री विमर्श काफी हद तक इसी व्यवस्था के अधीन रहकर और रेडिकल रूप में उसके दायरे से बाहर आकर उसे संघर्ष करते हुए अपने जेंडर और लैंगिक पहचान के प्रश्नों को सुलझाने का यत्न करते हैं। तो दलित विमर्श इस व्यवस्था को पूरी तरह से नकारकर समतामूलक समाज व्यवस्था की स्थापना चाहता है। स्त्री विमर्श भी अब यह महसूस कर रही है कि भूमंडलीकरण के दौर में नौकरी पेशा स्त्री-पुरुष एक साथ कार्यालयों, उद्योग-केन्द्रों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों में समान कार्य रूप में खड़े दिखाई दे रहे हैं किंतु उनके घर-परिवार, समाज की हैसियत में स्थित अभी वही है जैसे पुरातन काल में रही थी।

इसलिए अतीत काल को पुन: वर्तमान में स्थापित करने की इच्छा जहाँ तीव्र होती हुई हमें दिखाई दे रही है वहींउनको पैरों की जूतियाँसमझा गया और पैरों में ही रखने की मंशा, कौंध रही है।

नवपूंजीवाद एवं उपभोक्तावाद ने उसके श्रम एवं शरीर शोषण की नई तरकीबों को खोज निकाला है। निजीकरण ने उसका नौकरी पेशा अस्थिर एवं अस्थाई कर दिया है।ऐसे में उसका यौन शोषण और अधिक बढ़ता जा रहा है। इसे कई चिंतकों तथा संस्थात्मक कई रिपोर्ट ने यह स्पष्ट किया है। साहित्य में इस विषय पर कई कहानियां, उपन्यास प्रकाशित हुए हैं।सभी विमर्शों का आत्मकथा साहित्य इसका सबसे प्रामाणिक स्रोत है। गीत चतुर्वेदी की कहानी 'पिंक स्लिप डैडी', अरुण कुमार असफल की 'कंडोम', सविता पांडे की 'फैशनिष्टा', गीताश्री की 'गोरिल्ला प्यार और उपन्यासों में चित्रा मुद्गल का 'एक जमीन अपनी', अलका सरावगी का 'एक ब्रेक के बाद', प्रदीप सौरभ का 'मुन्नी मोबाइल', सुरेंद्र वर्मा का 'मुझे चांद चाहिए', आदि में इसके चित्र उपस्थित हैं। ब्राह्मणवाद से उपजी दैववादी पितृसत्ता एवं वर्ण-व्यवस्था अपने पौराणिक, ऐतिहासिक संदर्भ में किस प्रकार पिछड़े वर्गों, स्त्रियों का शोषण, दमन, उत्पीड़न किया है यह बार-बार स्पष्ट हुआ है।

दैववादी-पितृसत्ता ने अपने लैंगिक उपभोग के लिए समाज-ऐतिहासिक घृणित देवदासी जैसी प्रथाओं का ईश्वरीय पुरोहित सम्मत अनुमोदन मानकर यौनशोषण अपने-अपने उपभोग सवर्ण समाज ने कैसे किया है इसका इतिहास हमारे सामने है। विवाह संस्था को इसी श्रेणी में रखकर कई पुरुष रचनाकार एवं स्त्री रचनाकारों ने व्याख्यायित किया है।अनामिका का उपन्यास 'दस द्वारे का पिंजरा', मैत्रेयी पुष्पा 'छिन्नमस्ता'प्रभा खेतान की आत्मकथा 'अन्या से अनन्या' 'कस्तूरी कुंडल बसै' और 'गुडिया भीतर गुडिया' कृष्णा अग्निहोत्री का 'लगता नहीं दिला मेरा' मन्नू भंडारीकी 'एक कहानी यह भी', रमणिका गुप्ता की 'हादसेय, 'आपहुदरी' कौशल्या बैसंत्री- दोहरा अभिशाप, सुशीला टाकभौरे- शिकंजे का दर्द', उर्मिला पवार- 'आयदान', बेबी कांबले- 'जीवन हमारा', अनीता भारती- छूटे पन्नों की उड़ान, कावेरी की टुकड़ा टुकड़ा जीवन, रजनी तिलक- अपनी जमीं अपना आसमाँ, तमिल लेखिका बामा- कोरुक्कू, निर्मला पुतुल, जसिंता केरकट्टा की हरिराम मीणा, अनुज लुगान की कविताएँ, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी- मैं हिजड़ा मैं लक्ष्मी बदलाव के पदचिह्न, एक किन्नर की आत्मकथा - यशवंत से यशवंती बनने की कहानी, महेंद्र भीष्म- किन्नर कथा, पुरूष तन मेंफांसा, मेरा नारी मनस्थिति मन- मानोबी बांधोपाध्याय, निर्मला भुराडिया-गुलाम मंडी, प्रदीप सौरभ- तीसरी ताली।वैशाली हलदनकर- बारबालाआदि। विपुल साहित्य भंडार विविध पहलुओं पर प्रकाश डालता है। आत्मकथाएं पितृसत्ता के वर्चस्व चले क्षतिग्रस्त इस दुनिया में स्त्री, दलित, आदिवासी, की मुक्ति खोजना चाहता है।

अनामिका का उपन्यास 'दस द्वारे का पिंजरा' पितृसत्ता के वर्चस्व तले निरंतर क्षयग्रस्त इस दुनिया में स्त्री की मुक्ति खोजने का कार्य करता है' (पृष्ठावरन से उधृत) ब्राह्मणवादी-हिंदूवादी संस्कृति की इसी पुल पर सफर करने वाले कई ऐतिहासिक पात्रों से यह उपन्यास पाठकों को अविस्मरणीय मुलाकात कराता है इसमें स्वामी दयानंद, सैनी पावर्स, मैक्समूलर, जस्टिस महादेव गोविंद रानडे, केशवचंद्र सेन, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, भिखारीठाकुर, महेंद्र मिश्रा, ठेलाबाई, कानन-कुसुम जैसे इतिहास और लोकप्रसिद्ध हस्तियों' के कार्य का परिचय कराकर देता है। इन्हीं के यत्नों में 'हमारी आधुनिकता अपनी मौजूदा शक्ल-सूरत हासिल नहीं कर सकती थी। दिलचस्प बात यह है कि इन किरदारों के साथ-साथ इस पुल पर हिंदू समाज का पतित ब्राह्मणवादी रूढ़िवाद, प्रेम और स्त्री-पुरुष रिश्तों का विमर्श'(पृष्ठावरन से उधृत) भी इसमें उपलब्ध होता है।

वस्तुत:'बीसवीं सदी के मुक्ति-संघर्षों में स्त्री का मुक्तिसंघर्ष सर्वाधिक मूलगामी और सार्वभौमिक तो रहा ही है, वह सर्वाधिक अहिंसक, रक्तहीन और सत्याग्रही भी रहा है। इस संघर्ष की व्यापकता का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह जितना बाहरी स्तर पर संघटित और घटित हुआ है, उतना ही आन्तरिक स्तर पर भी वह एक साथ आत्मसंघर्ष, आत्मबोध, आत्मविश्लेषण और आत्माभिव्यक्ति का संघर्ष भी रहा है। दर्शन, मनोविज्ञान, समाजविज्ञान, इतिहास जैसी अनेक विधाएँ इस संघर्ष पर एकाग्र हुई हैं, यह सभी रूप आधुनिक स्त्री विमर्श एवं भारतीय समाज में ऐसे तमाम रूपों की शिनाख्तगी के लिए स्त्री की आत्मकथाओं का अध्'न खास दिलचस्प और महत्वपूर्ण हो जाता है।(अपनीमाटी,वर्ष-3,अंक-24,मार्च,2017, आधी दुनिया रूआत्मकथा और स्त्री - (डॉ.रमाशंकर कुशवाहा)

भारतीय महिला आंदोलन के इतिहास में पंडिता रमाबाई का इतिहास बहुत ही सुनहरा और प्रेरक है।उनका कहना है कि 'धर्म के नाम पर स्त्रियाँ ही निराश्रितों को कुछ देती हैं और धर्म है कि स्त्रियों को कुछ समझता ही नहीं, धर्म की राह पर इनको बाधा मानता है धर्म ग्रंथ पढ़ने की भी सुविधा इनको नहीं देता! और तुर्रा उस पर यह कि विद्या की देवी हो या धन की देवी, साहस की मूर्ति का षोड्स कलाओं की अधिष्ठात्री देवी श्री विद्या सबकी संकल्पना स्त्री-काया में हुई है।' (दस द्वारे का पींजरा, अनामिका, राजकमल प्रकाशन,नयी दिल्ली, पहली आवृत्ति-2..9, पृ. 33)

सभी विमर्श प्रेम के संदर्भ में तथा अनामिका, गीताश्री 'कैद बाहर' के संबंध में रवींद्रनाथ ठाकुर की तरह सोचती हैं। रवींद्रनाथ ने कहा था कि 'प्रेम अधिकार की दवा नहीं करता बल्कि स्वतंत्रता प्रदान करता है।' किंतु प्रेम में जेंडर किस तरह काम करता है यह देखना दिलचस्प है। गीताश्री इन्हीं पर सवाल उठाती हैं- क्यों हमेशा पुरुषों का ही दिल वेश्याओं पर, रानियों पर, वनकन्याओं पर, ऋषिकुमारियों पर आता रहेगा? हम स्त्रियों के पास दिल नहीं होता? हमें पुरुष अच्छे नहीं लग सकते? हम आकर्षित नहीं हो सकती? हम पहल नहीं कर सकती? सदियों से हम इतनी ढीठ नहीं हुई कि च्यवन ऋषि की तरह सुकन्या माँग ले,अगस्त्य ऋषि की तरह लोपामुद्रा माँगले।हमने पसंदीदा पुरुषों से प्रेम तो किया उनका वरन करने की पहल न कर सके।'(हंस जुलाई2.24, पृ. 86)तो अनामिका की रमाबाई कहती है 'मानव मात्र से प्रेम करने की कला है धमर्रू मनुष्य काला हो या गोरा, पीला हो या लाल, श्वेत

हो या गुलाबी– आवरणों के पार देखना, देखकर पहचाना सबको जलतत्व, अग्नितत्व, पवनतत्व, आकाशतत्व, महीतत्व से एका – बिठाना यही धर्म है।'(दस द्वारे का पिंजरा, पृ.63)

अनामकुलगोत्र सदाव्रत के साथ पंडिता रमाबाई का विवाह करना संपूर्ण ब्राह्मणवादी परंपराओं का धिक्कार था।इसलिए पूना के ब्राम्हणों ने उनका सामाजिक बहिष्कार किया था।सदाव्रत बार एट लॉ थे, शास्त्रों में पंडित,'पर पुरुष तो उनका एक ही था– वह निष्ठुर सदाव्रत से शादी कर ली वह भी कोर्ट में इस शादी में उनकी अंग्रेजी सहेली फैनी पावर्स और केशवचंद्र सेन का परिवार शामिल हो चुका था....'साल भर बाद जब बच्ची(मनोरमा) हुई: सावित्रीबाई फुले और ज्योतिबा फुले खुद आशीर्वाद देने आए! बच्ची जब तक साल भर की नहीं हो गई– सावित्री बाई साथ ही रही! ज्योतिबा फुले के दाहिने हाथ थे सदाव्रत क्रांतिकारियों की ओर से सारे मुकदमे निरूशुल्क लड़ने वाले सबसे बड़े वकील।' (वही पृ. 67)

'ज्योतिबा फुले ने हंटर कमीशन को जो चिट्ठी लिखी है, उसका मसविदा सदाव्रत ने ही तैयार किया है– और लिखा क्या है–'ब्राह्मणों के पास अक्षर–ज्ञान है और शायद वह भी जिसे वे ब्रह्म–ज्ञान कहते हैं लेकिन उनका यह ब्रह्मज्ञान इतना व्यापक भी नहीं है कि ब्रह्म का विस्तार अब्रह्म में देख पाए!कहने को तो वे कहते हैं–'घट–घट में है राम समाया' पर हाथी के दांत, खाने के और, दिखाने के और। कंजूस का धन है वह उसका ज्ञान भी, उसका छिड़काव मंत्र–जल की तरह वे सिर्फ अपने हित में चाहते हैं। ज्ञान भी एक तंत्र है उनका– राज्यतंत्र साधन लेने का एक टोटका और एक षड्यंत्र कि जो जहाँ है वहाँ बने रहेंस्त्रियाँ,अंत्यज और सारे दबे–कुचले लोग।'(वही पृ. 72)इसके आगे की पंक्तियाँ भी बहुत महत्वपूर्ण हैं।

जब तक रमाबाई भारत में रही ब्रह्मणवादियों द्वारा कोसी गई और उसके बाद भीय 'इसलिए कि एक ब्राह्मण बाला दलित युवक से कोर्ट–मैरिज करके साथ रह रही है।शादी की भी तो निकृष्ट जाति में। ब्राह्मण तो थी, जाति–बहिष्कृत ब्राह्मण ही सही। विश्व भ्रमण पर निकली। तो ईसाई धर्म स्वीकार किया।वहाँ नई धर्म–व्यवस्था में पादरियों की तानाशाही और आदेश उनको हजम नहीं हुए। वहीं मैक्समूलर से मिली और उन्होंने कहा– मैं ईसू के व्यक्तित्व के प्रभाव में ईसाई धर्म से जुड़ी हूँ, पादरियों के प्रभाव में नहीं! उनकी हर बात आँख बंद कर मैं नहीं मान सकती।' (वही, पृ. 95–96)

इधर भारत में रमाबाई का 'धर्मांतरण एक राष्ट्रीय मुद्दा' बन गया था! चर्च डर रहा था की झोंकदार औरत का क्या भरोसा! जैसे हिंदुत्व की टोकरी,ईसाईयत पटककर बढ़ जाएगी नयी दिशा में!।'(वही, पृ. 96)हिंदुत्व और ईसाइयत सभी रमाबाई की प्रखर मेधा से खौफ खाते थे। वैचारिक रूप से एक स्वतंत्र स्त्री व्यक्तित्व को हर उस धर्मावलम्बियों के मन में डर रहता है, खासकर उन्हें जिसने शास्त्र भी पढे हो और नई आधुनिक दृष्टि से स्वतंत्र रूप से संपन्न हो।

स्वतंत्र स्त्री और दलित धर्माचारियों, ब्राह्मणवादियों, हिन्दुत्ववादियों को कभी भी रास इसलिए नहीं आए क्योंकि वह उसकी हर सीमाओं, चौखटों, दायरों को तोड़ते हैं।ध्वस्त करते हैं। इन्हें निरीह और बेचारगी और लाचारगी से चुपचाप उनके आदेशों का पालन करने वाली वैचारिक और मानसिक गुलामी के अधीन रहकर केवल और केवल उसका अनुपालन नहीं कर सकते हैं, और वर्चस्ववादी यह व्यवस्था चाहती है कि कोई उनसे तर्क, प्रश्न और जिज्ञासा ना करें। इसी प्रकार से वह अंध मन–मस्तिष्क वाले समाज का निर्माण करते हैं या किया जाता है। यह सब कुछ ईश्वर और धर्म के नाम पर होता है। यह रमाबाई की तरह नई स्त्री समझ चुकी है। इसलिए इन्हीं के नाम पर स्थापित पितृसत्ता, विवाह सत्ता–संस्था और जातिसत्ता–संस्था को नकारकर, उसे तोड़कर वह स्वतंत्र होना चाहती हैं। स्वतंत्रता उसके लिए बहुत बड़े मायने रखती है। व्यक्ति स्वतंत्रता, नया समाज और नए राष्ट्र का निर्माण करती है। यह इतिहास में कई बार सिद्ध हो चुका है।

पंडिता रमाबाई सरीखी असंख्य स्त्री विमर्शकर्ता, स्त्रियों का, लेखिकाओं का, सामाजिक कार्यकर्ताओं का अब यह मानना है कि प्रेम जैसी सर्वोच्च मानवीय भावना का स्वतंत्र भावना का संस्थायन विवाह संस्था में किया गया उससे सत्ता–वर्चस्व की क्रूरता बढ़ी।यही इन्हें मुक्ति की राह दिखाई देती है। विवाह संस्था में मुफ्त बेगार और भोग्या स्त्री पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था को आसानी से नैतिक, सामाजिक बन्धनों के संस्कारों में मिली निरीह स्त्री उन्हें प्राप्त होती है। उन्ही के प्रति अनामिका रमाबाई की ओर से यह सोचती है कि– दोष संस्थायन का ही माना जाएगा! संस्थायन बुरी बला है।आध्यात्मिक मूल्यों का संस्थायन धर्म में होता है तो उसकी नई समस्याएं उभर कर आती हैं।ठीक वैसे ही जैसे प्रेम जैसी सात्विक वृत्ति का संस्थायन 'विवाह' के रूप में होने पर वह शासन–प्रशासन की क्रूर राजनीति और रणनीति से घिरने लगता है।'(वही पृ. 97)

यह संपूर्ण भारतीय स्त्रियों के संदर्भ में सच्चाई है। जिसको इसका बोध होता है वह विद्रोह करती है। जैसे पंडिता रमाबाई, ताराबाई शिंदे, सावित्रीबाई फुले,ढेलाबाई, काननबाला आदिया ने किया।

ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले की प्रेरणा और सहयोग पंडिता रमाबाई को अपने जीवन का सबसे बड़ा संबल मिला।उनसे दुनिया से लड़ना भी सीखा तो बिना किसी जातिगत भेदभाव से लोकसेवा करना भी सीखा 'शारदा सदन' इसका उत्तम उदाहरण है और महर्षि धोंडो केशव कर्वे की पत्नी गोदाबाई भी। कर्वे और गोदाबाई इन दोनों ने मिलकर मुंबई में शारदा सदन के ही मॉडल पर एक और आश्रम खोला था किंतु इसमें केवल ब्राह्मण विधवाओं को प्रवेश दिया जाता था।कर्वे ने कहा था कि – रमाबाई वाला नैतिक साहस और संकल्प उनमें जगन बाकी है अभी उनमे ब्राह्मण समाज से उसे हद तक लोहा लेने की हिम्मत नहीं आई है।'(वही पृ.113)रमाबाई ने अपने जीवन के अंत में अपनी प्यारी पुत्री मनोरमा और होनेवाले दामाद गिरिधर को मात्र ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के पास इस विचार से छोड़ दिया था कि 'इसके पहले की दोनों विवाह बंधन में बंध जाए ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के संरक्षण में कुछ दिन रहे! बड़े चरित्र का सानिध्य दृष्टि बड़ी करता है! विराट को देखने वाला विराट से भर जाता है, क्षुद्र को देखने वाला क्षुद्र से, आंखें आत्मा का द्वार है।' (वही पृ. 122)पंडिता रमाबाई को महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बंगाल, इंग्लैंड, अमेरिका कहीं सुकून नहीं मिला। उसके विवाह से लेकर जीवन के अंतिम समय तक ज्योति–सावित्री का ही आधार मिला। संबल मिला। ज्योतिबा फुले के 'सतसार' नाटक को उन्हीं की बेटी मनोरमा और होने वाले दामाद गिरिधर ने नाट्य रूप में खेला, प्रस्तुत किया। पीढ़ी–दर–पीढ़ी वैचारिक स्वतंत्रता का दायित्व निर्वाहन उन विद्रोही स्त्रियों द्वारा किया गया जो किसी भी प्रकार की गुलामी में बांधने वाली संस्थाओं के व्यक्तित्व को अस्वीकार किया है।

इस मायने में भारतीय स्त्री विमर्श की उद्धाता सावित्रीबाई, विकल विद्रोहीनी पंडिता रमाबाई, ताराबाई शिंदे,ढेलाबाई, कानन–कुसुम जैसी स्त्रियों के बाद हिंदी और भारतीय भाषा साहित्य में अंडाल आदि के बाद महादेवी वर्मा, वर्तमान में स्त्री विमर्श की लेखिकाएं जैसे प्रभा खेतान,

अनामिका,मैत्रेयी पुष्पा, मृदुला गर्ग, गीतांजलि श्री, गीताश्री आदि दैववादी धारणाओं से निर्मित वर्ण-व्यवस्था, जाति-व्यवस्था एवं पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था ने स्त्री एवं दलितों का जीना सदियों से बेहाल कर दिया है। अभी वह मुक्ति का सपना देख ही रही हैं कि पुन: अतीत उन पर तीव्रता से हावी हो रहा है।

ब्राह्मणवाद को मालूम है की जाति-व्यवस्थागत भेदभाव अगर किसी व्यवस्था की आड़ में बचाए जा सकते हैं तो वह है हिंदू धर्म और उसका कठोरता से अमल करने वाले नव-हिंदुत्ववादी क्योंकि वैदिक वर्ण-व्यवस्था के बाद और उसी की तरह खाद-पोस लेकर हिंदू-धर्म बहुसंख्यक जातियों से बना हुआ है। खासकर पिछड़ी जातियों से।इसलिए हिंदू बनाकर ही ब्राह्मणवादी व्यवस्था के अधीन यहाँ की पिछड़ी जातियों को रखा जा सकता है। हिंदू-धर्म, जाति-व्यवस्था की नींव पर खड़ा है।ठीक वैसे ही जैसे कभी अतीत काल में ब्राह्मणवाद वैदिक व्यवस्था, वर्ण-व्यवस्था की नीवपर खड़ी हुई थी।इन दिनों तमाम पिछड़ी जातियों का हिंदुकरण करते हुए ब्राह्मणवाद को बचाया जा रहा है। इस प्रकार की राजनीति का प्रयोग सफल होता दिखाई दे रहा है।1956 के डॉ. बाबासाहब के बौद्ध धम्म स्वीकार के बाद बाद जिन पिछड़ी अस्पृश्य और दलित जातियों ने हिंदुवाद को नकारा उसके बाद अन्य जातियों को उसके साथ जोड़ने की रणनीति बनाई गई।

दलित स्त्री विमर्श दलित कवित्री सरूपारानी लिखती हैं- घर में पुरुष अहंकार एक गाल पर थप्पड़ मारता है तो गली में वर्ण आधिपत्य दूसरी गाल पर।' वही, पृ. 12.) कृष्णा अग्निहोत्री की आत्मकथा को अगर गौर से पढ़ेंगे 'लगता नहीं दिल मेरा' तो आपको हिंदूवादी मानसिकता के पुरुष को, जो उसके पति के रूप में बैठा है और कई प्रतिष्ठित साहित्यकारों, संपादकों में उसे भोगने की लालसा किस कदर की प्रवृत्ति से उत्प्रेरित है, यह समझा जा सकता है।

पंडिता रमाबाई के बरअक्स आप तमिल लेखिका बामा को देख सकतेहैं। यह एक दलित स्त्री है।जो ईसाई 'नन' बन चुकी थी। 'दलित और अति निर्धन होते हुए भी पढ़ाई करने के लिए संघर्ष करना लगातार अपमान झेलते हुए अध्यापक बनना, नन बनने के लिए कॉन्वेंट जाना, फिर वहाँ पर भी सवर्ण और निचली जाति, अमीर और गरीब के बीच की खाई, सादगी के दावों और असल जीवन के बीच का फर्क देखे हुए कॉन्वेंट व्यवस्था का परित्याग कर वापस समाज में आना।' (पितृसत्ता के नए रूप पृ. 12.) जैसे घटनाक्रम में यह दिखाई देता है कि धर्म चाहे जो भी हो स्त्री को उसकी यातनाओं को भोगना ही पड़ता है, फिर वह स्त्री सवर्ण हो या दलित। कोई विदुषी पंडिता रमाबाई हो या साधारण दलित समाज की बामा हो।

पता नहीं भारत में ऐसे कैसे हो गया कि कोई भी दलित व्यक्ति भारतीय किसी भी धर्म में तथा विदेशी किसी भी धर्म में दलितत्व का अभिशाप झेलने के लिए विवश हो जाता है। जैसे सिख में 'महजबी' सिख अलग से बना दिया गया। जिसका चित्रण जगदीश चंद्र ने अपने उपन्यासों में किया है।लिंगायत में भी दलित अछूत ही है।विदेशी धर्मों में ईसाइयों का उदाहरण बामा के रूप में हमारे सामने है।वैसे इस्लाम और ईसाई धर्म है इनमें भी दलित, दलित ही है। भारतीय इस्लाम में तो साफ-साफ रूप से जातिगत भेदभाव अब भारत में पाया जाने लगा है। यह हिंदू धर्म का प्रभाव नहीं तो और क्या है? बामा ने जातिवाद कैसे बनता है और संस्कारितहोता है इसका जिक्र अपनी आत्मकथा में किया है। बचपन के खेलों को याद करते हुए बामा बताती हैं कि-उनके खेलों में भी जातिगत भेद प्रतिबिंबित होते थे हालांकि लड़के-लड़कियाँ साथ-साथ खेलते लेकिन अक्सर उनमें से कुछ लड़के 'नायकर' (सवर्ण जाति)बन जाते और अन्य बच्चों पर खूब रौब दिखाते, उनका अपमान करते, उन्हें अपशब्द कहते हैं, मानो उसके पास बहुत ताकत आ गई हो। कभी-कभी विवाहित होने का खेल खेलते जिसमें पति शराब पीकर घर आता और अपनी पत्नी को मारता।फिर पुलिस आती और उस पति को खूब पिटती।' (वही, पृ. 124)इससे यह स्पष्ट होता है कि अबोध बच्चों के मन में दलितत्व और स्त्रीत्व के संस्कार तथा उन्हें भोगने का मानस सामाजिक, शैक्षिक दायरे में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में विकसित किया जाता है।भेदभाव पूर्ण पुरुषसत्तात्मक और जातिगत मानस को विकसित किया जाता है।

पंडिता रमाबाई जैसी सवर्ण विदुषी धर्मांतरण करती है तो वह जाति बहिष्कृत कर दी जाती है। एक तरह से यह अछूत ही बन जाती है।बामा जैसी दलित स्त्री भी किसी भी धर्म की शरण में जाएं अछूत ही है।अपमानित है, उत्पीड़ित है,शोषित है।सवर्ण स्त्री का शोषण दैववादी पितृसत्ता के द्वारा होता है तो दलित स्त्री का शोषण दैववादी पितृसत्ता भी करती है (देवदासी व्यवस्था के तहत) तथा जाति-व्यवस्थागत शोषण का शिकार हो जाती हैं।

अब यह कैसे हुआ इसे देखना, समझना जरुरी है। भारतीय संदर्भ में दर्शन का प्रयोग धर्म के हित में कैसे किया जाता है इसका उदाहरण आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती के माध्यम से समझा जा सकता है तथा पुनर्जागरण के साथ एनी बेसेंटके मुताबिक 'दासी' रोम की कैथोलिक नन के समक्ष ठहरती थी। ध्यान भक्ति और धार्मिक सेवा उनके जिम्मे था।' (देवदासी या धार्मिक वेश्या? एक पुनर्विचार, प्रियदर्शनी विजयश्री, वाणी प्रकाशन प्र. सं 2.1., पृ 72)के। दामोदरन के द्वारा शैव दर्शन के तत्ववाद का सूक्ष्म अवलोकन करने के पश्चात विवाह-संस्था का आधार और उसमें पति को परमेश्वर मानने की मनो-सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों को समझा जा सकता है। शैव दर्शन के अनुसार तीन यथार्थ हैं - पशु (जीवात्मा)(यह पत्नी रूप)पाशम (बंधन)(विवाह-संस्था) और पति (विवाह संबंधों में स्वीकृत पति यानी ईश्वर यही पति परमेश्वर के स्थान पर विराजमान होकर पशु रूपी पत्नी को दंडित करता है।) पशु,पाशम के बंधन में जकड़ा रहता है और उसकी मुक्ति पति अर्थात ईश्वर के साक्षात्कार से ही हो सकती है।ष(के दामोदरन, भारतीय चिंतन परंपरा, तीसरा संस्करण जून 1982,पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस प्राइवेट लिमिटेड, रानी झांसी रोड नई दिल्ली-55, पृ. 285)

यह आता कहाँ से है? मनुस्मृति से-'मनु के कानून यह मानते हैं कि महिलाएं अपनी प्रकृति में विश्वासघाती होती हैं, उन्हें पुरुषों पर निर्भर होना चाहिए। पति की हर समय भगवान की तरह पूजा होनी चाहिए। यह धारणा सूचित करती है कि पुरुष भगवान है, स्वामी है, मालिक है या अन्नदाता है और शूद्र और महिलाएं उनकीदास हैं।' (भारत में महिला आंदोलन विमर्श और चुनौतियां, सं। साधना आर्य व लता सिंह, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 4.) उमा चक्रवर्ती ने एम महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया कि - पुराने समय में महिलाओं का स्तर ऊंचा था या नीचा, बल्कि अब समाज में उनके आधिनिकरण का विशिष्ट प्रकार और आधार उनके लिए मुद्दा है।' (वही पृ. 4.)यह आधिनिकरण की प्रक्रिया स्मृतियाँ सुझाती है, महाकाव्य सुझाते हैं, पिता, पति और पुत्र के अधीन ही स्त्रियों को रहना है, वही स्त्री संस्कारी है।'संस्कृता स्त्री पराशक्ति'शीलवान स्त्री परम शक्ति है, ऋषियों ने कहा है। स्त्री शीलता का संबंध उसके शारीरिक अंगों से जोड़कर देखा गया एक पतिव्रता सीता का आदर्श उसके लिए रूढ़ि-दर-रूढ़ि निर्धारित किया गया है। उमा चक्रवर्ती के अनुसार यह आधुनिकीकरण की प्रक्रिया तीन स्तरों पर

कार्य करती है।

पहला जरिया था स्त्री धर्म का पतिव्रत धर्म, जो महिलाओं को स्त्रीत्व की आदर्श कल्पना पर खरा उतरने को प्रेरित करता था, के माध्यम से महिलाओं द्वारा पितृसत्ता का आंतरिकरण, दूसरा जरिया था ब्रह्मणीय सामाजिक नियमावली द्वारा नियत कानून रीति-रिवाज और परंपराएं यह नियम शुद्धता और वफादारी को महिलाओं के परम आदर्श कर्तव्य के रूप में दर्शाकर उन पर सैद्धांतिक नियंत्रण को पुख्ता करते थे। महिलाओं की शुद्धता और जाति की शुद्धता के बीच का संबंध ब्राह्मणीय-पितृसत्ता के केंद्र में था और इसके लिए महत्वपूर्ण भी था। महिलाओं की बहुत ध्यान से रखवाली की जाती थी और निम्न जाति के पुरुषों को उच्च जाति की महिलाओं के साथ लैंगिक संबंध बनाने से रोका जाता था।

चक्रवर्ती का मानना है कि पितृसत्ता परोपकारी पितृसत्तात्मकता की ऐसी पद्धति रही है कि जिसमें आज्ञाकारी महिलाओं को कुछ विशेष अधिकार और सुरक्षा दी जाती थी। यह उनकी अधीनता को अदृश्य कर देती थी और पितृसत्ता में उनकी सहभागिता भी सुनिश्चित करती थी। तीसरा जरिया राज्य का था जो महिलाओं पर पितृसत्तात्मक नियंत्रण को न केवल विचारधारात्मक स्तर पर बल्कि एक वास्तविकता के रूप में बढ़ावा देता था।' (वही, पृ. 4.) ध्यान रहे 'संस्कृता स्त्री पराशक्ति' यह घोषवाक्य देश के एकमात्र महिला विश्वविद्यालय का है जिसकी स्थापना सुधारक महर्षि धोंडो केशव कर्वे जी ने की थी जिन्होंने स्वयं मुंबई में 'विधवा विवाह संघ' की स्थापना की थी। इतना ही नहीं विधवा विवाह के वे पुरस्कर्ता थे। जिन्होंने स्वयं पंडिता रमाबाई के 'शारदा सदन' के आश्रम में पली-बढ़ी गोदाबाई नामक विधवा स्त्री के साथ विवाह किया था।जिसके संबंध में पंडिता रमाबाई लिखती हैं की शारदा सदन के मॉडल पर मुंबई में उन्होंने एक आश्रम खोला था जिसमें बेसहारा स्त्रियाँ अपने पाँव पर खड़ा होने का प्रशिक्षण पाती थी। जिसमें आधुनिक शिक्षा का भी प्रावधान था। सिर्फ एक अंतर था वह यह था कि उसमें सिर्फ ब्राह्मण विधवाओं का ही प्रवेश संभव था। शारदा सदन की तरह हर धर्म जाति की बेसहारा औरतों की खातिर उसके द्वारा खुले नहीं थे और कर्वे इस बात पर शर्मसार हो कहते थे कि- अभी उनमें पंडिता रमाबाई वाला नैतिक साहस और संकल्प जगना बाकी है। अभी उनमे ब्राह्मण समाज से उसे हद तक लोहा लेने की हिम्मत नहीं आई है।' (दस द्वारे का पींजरा, पृ. 113) जाहिर है कि पुरुष ब्राह्मण सुधारक ब्राह्मणवाद से लोहा लेने के लिए असमर्थ थे।कुछ में तो साहस ही नहीं होता था। कुछ तो उस काल में इसे पुख्ता करने के लिए लिख-बोल रहे थे, जी तोड़ कोशिश कर रहे थे, जैसे तिलक आदि।रमाबाई के संगठन ने विवेकानंद जैसे विद्वान से स्त्री स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता के लिए लोहा लिया था।' (दस द्वारे का पिंजरा, पृ. 1.9,11.) भारतीय संदर्भ में ब्रह्मणवाद ने सवर्ण स्त्री की आधीनता और दलित स्त्री की आधीनता को अलग-अलग रूपों में देखा है।सामाजिक दृष्टि से जाति के कारण दलित स्त्री उनके तथा उनके शास्त्रों के लिए हेय है किन्तु काम दृष्टि से वह हे नहीं है। गोपाल गुरु के अनुसार 'जातिव्यवस्था के कारण दलित और जनजातीय औरतें यौनिक हिंसा का ज्यादा शिकार बनती है।' (भारत में महिला आंदोलन, चुनौतियाँ और संभावनाएँ, सं. साधना आर्य, लता सिंह, पृ. 38) और यह तथ्यात्मक विचार है।

जिस वर्ष पंडिता रमाबाई अमेरिका में थी उस वर्ष विवेकानंद भी अमेरिका में थे। रमाबाई ने इसी दौरान 'उच्च वर्ण की हिंदू औरतें' शीर्षक से एक किताब लिखी थी। 'दो वर्ष बाद पूना लौटकर 'शारदा सदन' की स्थापना और विधवाओं के अधिकार- विनियोजन के प्रश्न पर बड़े-बड़े पुरोधाओं से लोहा लेने में जुट गई, अमेरिका का यही 'रमाबाई संगठन' विश्व में विवेकानंद के अनुयायियों से उलझ गया जब 'स्त्रीत्व के आदर्श-हिन्दू, मुस्लिम और ईसाई' नामक अपनेभारत में बेसहारा स्त्रियों के एक सामूहिक घर के लिए आर्थिक सहयोग का अनुरोध वह करती थी। कुछ वर्ष बाद विवेकानंद भी इसी रास्ते पर चले। पर उस वक्त उन्होंने मेरी इस खातिर भरपूर आलोचना की यही वह समय था जब 'उच्च वर्ण की हिंदू औरतों' शीर्षक से एक किताब मैंने लिखी थी 'अमेरिका रमाबाई संगठन' बनाया था अमेरिका का यही 'रमाबाई संगठन' विश्व में विवेकानंद के अनुयायियों से उलझ गया था।' 'भारत में हिंदू मुस्लिम और ईसाई' नामकअपने व्याख्यान में भारतीय स्त्रियों की महिमा में स्थिति का ब्यौरा देकर विवेकानंद भारत गए और उनके व्याख्यान की रपट 'डेली-स्टैंडर्ड यूनियन' में छपी। विवेकानंद के अनुसार आर्य महिलाओं की स्थिति भारत में हमेशा से अच्छी रही थी! हर क्षेत्र में वे पुरुषों कीसधर्मिणी थीं। सेमेटिक जातियों के आक्रमण के बाद यह स्थिति बदली और धीरे-धीरे स्त्री की छवि भारत में 'माता' के रूप में और पश्चिम में 'पत्नी' के रूप में ही रूढ़ होती चली गई! उसके बाद कही गई थी वह बात जिस पर विवाद उठा था। कहा गया था कि 'भारतीय महिलाओं को तो सैकड़ो वर्षो से संपत्ति का अधिकार भी है! पति की मृत्यु के बाद पूरा का पूरा राजपाठतक स्त्रियों के नाम हो जाता है।'

जिस देश में पति की मृत्यु के बाद स्त्री से शांतिपूर्वक जीने का हक भी छीन लिया जाता हो- पति के साथ चिता में ही भस्म नहीं हो गई तो सब छीन-छानकर दर-दर भटकने के लिए मजबूर कर दिया जाता हो, उससे अस्पृश्यता बरती जाती हो- संपत्ति का विशेषाधिकार उसे जोड़ना हास्यापद था! ऐसा भ्रामक प्रचार धर्माधता में विवेकानंद कर सकते हैं- इस बात पर मैक्समूलर भी चकित थे! वह मेरी और से मुखर भी हुए! विवेकानंद की तरफ से राइट डेविड कह रहे थे कि भारत की छवि धूमिल करती फिर रही हैं रमाबाई यह उनका देशद्रोह है, अमेरिकियों के मन में औरतों की खातिर सहानुभूति जताकर संस्था के खातिर पैसा लेना कोई अच्छी बात नहीं है, विधवाएं दुबारा विवाह नहीं कर पाती तो इसलिए भारत में पुरुषों की जनसंख्या कम है, तभी तो बूढ़ों को भी नन्ही लड़कियों से ब्याह करना पड़ता है और अगर बूढ़े धनी हुए तो लड़कियों के लिए यह अच्छा ही है कि बूढ़ा पति जल्दी मरे। भारत-भर घूम कर देख चुका हूँ- भारत की औरतें सबसे ज्यादा सुखी हैं। अगर कहीं अन्य है तो अपवादस्वरूप, वैसा अन्याय और प्राकृतिक दुःख तो बहुत पुरुष भी झेलते हैं, ऐसा थोड़ी ही है कि स्त्रियाँचंट नहीं होतीं!(दस द्वारे का पिंजरा, पृ. 11.) लगे हाथों इसी संदर्भ में अमेरिकन इतिहासकार मिस कैथरीन मेयो की 'मदर इंडिया' और लाला लाजपतराय का प्रतिवाद अर्थात उत्तर देने हेतु लिखी गयी पुस्तक 'दुखी भारत'(इंडियन प्रेस लिमिटेड प्रयाग, 1928) को देख सकते हैं।

यहाँ राई डेविड की ओर से विवेकानंद का बचाव और प्रतिवाद बहुत ही विपर्यस्त और पुरुषी खल प्रवृत्ति का निर्देशक है।रमाबाई सोचती हैं 'इतना स्पष्ट था कि स्वामी विवेकानंद के भाषण में स्त्रियाँ एक रेटारिक का हिस्सा थीं, उन्हें 'देश' की उज्जवल छवि पेश करनी थी, फिर वह पढ़े-लिखे 'भद्रलोक' पृष्ठभूमि के पृष्ठभूमि के युवा संन्यासी थे- अपनी 'माँ' के सिवा उन्होंने जाना ही किसको होगा-'भद्रलोक' की सधवा माँएँ तो 'देवी' वगैरह दिखाई देती ही थीं। 'वैष्णव जन तै ने कहिए- पीर पराई जानी रेय एक आदर्श है, तो 'जाकेपैर न फटी बिवाई-सो का जाने पीर पराई' एक यथार्थ

है।

सबसे मजेदार बात तो यह हुई कि युवा संन्यासी ने भारतीय विधवाओं को 'नन' की आध्यात्मिक पदवी दी और कहा की उनका जीवन सधवाओं से ज्यादा पवित्र और सार्थक होता है– ईश्वर की सेवा में सर्वथा समर्पित!चूँकि उन्होंने वकालत पढ़ी थी,'संपत्ति' वाला सवाल जब सीधा उछाला गया तो बात घूमाकर वे (विवेकानंद) बोले– 'भारतीय समाज में माँ की स्थिति इतनी ऊंची होती है और माँ इतनी त्यागमयी होती है कि अलग से उसे संपत्ति दिलाने की बात हिंदू विधेयकों के मन में उठी ही नहीं।' मैं यह बड़े–बड़े बोल सुनती और हँस कर रह जाती! मेरी आंखों के आगे तैर जातीबनारस, वृंदावन, मथुरा की लाखों विधवाएंभगवान की आंखों के आगे– जो लगातार सेठों और पंडों का यौन शोषणद गाली–गलौज और रोटी के लाले झेलती,आधी जिबह मुर्गियों का जीवन जीने को अभिशप्त थी! मैं खुद मिलकर आई थी उन सबसे, तभी तो देव देशवासियों से निवेदन किया थारू– 'विद्धान भाइयों, सुविधासंपन्न मेरी बहनों –

अच्छी तरह देखो–
औरत के जीवन की कविता के पार–
उसके जीवन क रुक्ष गद्य–
खासकर उन औरतों के जीवन का रुक्ष गद्य
जो सड़कों पर पड़ी हैं–
आँखे खोलकर देखो–
अपने उच्चाशय धर्मो ने उनकी
तरफ से कुछ सोचने की
जहमत ही नहीं उठायी!' (वही, पृ. 11.–111)

स्त्रियों को संपत्ति और समानता के अधिकार के मामले में विवेकानंद और उनके अनुयायी गोल मटोल जवाब देते हैं। उस पारंपरिक ढर्रे पर कि 'माँत्यागमयी' को ग्लोरिफाई कर ब्राह्मणवादी उसे ऊंचे आदर्शों पर बिठा देता है। स्त्री देवी है,माँ ऊंचा स्थान रखती है, धर्मशास्त्रों में यह सवाल ही नहीं उठा– इसी जबरदस्त और ऊंची जगह पर स्थापित उच्च वर्ग की भारतीय स्त्री की सच्चा की झूठ का पर्दाफाश रमाबाई कर रही है। कविता में उनकी दुर्दशा के संकेत अनामिका कर रही है।प्रकारांतर से अमेरिकी–सी जैसी संपत्ति कानून में उसके अधिकार माँगों की कोई दिलचस्पी ही नहीं है।क्योंकि स्त्री संबंधी विवेकानंद के आदर्श उनकी 'भद्रलोक' महिलाएं वर्ग से स्थापित होते हैं।भारतीय आम जन की स्त्रियों से नहीं। खासकर के उन सवर्ण विधवा स्त्रियों के यथार्थ से जुड़ा है। हम सोच सकते हैं की पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था अपने ही उच्च वर्ण की स्त्रियों को कोई अधिकार देना नहीं चाहता है तो दलित, आदिवासी, पिछड़ी अवर्ण स्त्रियों के साथ उसका व्यवहार कैसा रहा होगा और आनेवाले समय में कैसा रहेगा। कहीं इतिहास अपने आपको दोहरा न जाएँ?रमाबाई और विवेकानंद के बीच का यह वैचारिक संघर्ष हमें साफ–साफ जतला देता है, बतला देता है कि भारत में स्त्रियों की, स्त्री विमर्श की स्थिति प्राचीन काल से लेकर वर्तमान काल तक किस प्रकार की रही है, वर्तमान में इसमें बहुत सारे परिवर्तन आए हुए हैं लेकिन स्त्री की हैसियत मात्रा सामाजिक, धार्मिक स्तर पर उसी प्रकार की रही है जैसे प्राचीन काल में रही है।

हालांकि वर्तमान में इस प्राचीन अतीत को सुदृढ़ करने की लगातार जी तोड़ कोशिश चलती हुई हमें दिखाई दे रही है।रमाबाई की बेटी मनोरमा कभी–कभी रमाबाई की चुटकी लेकर कहती थी– चार पुरुषार्थों में 'अर्थ' पहले है, उसके बाद आता है धर्म, काम और मोक्ष का,'काश', पुरुषार्थ स्त्रियार्थ भी होते: '(दस द्वारे का पींजरा, पृ. 111)

